भारत-चीन सीमा मामले

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में भारतीय और चीनी राजनयिकों ने बीजिंग में **भारत-चीन सीमा मामलों** पर **परामर्श तथा समन्वय के लिये कार्य तंत्र (Working Mechanism for Consultation and Coordination- WMCC)** की 29वीं बैठक बुलाई, जो **वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चल रहे तनाव के बीच** एक महत्त्वपूर्ण विकास है।

- दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए।
- वे **सीमा की स्थिति को नियंत्रण और प्रबंधन के सामान्यीकृत चरण में बदलने को बढ़ावा देने** पर भी सहमत हुए।
- भारत-चीन सीमा का पूरी तरह से सीमांकन नहीं किया गया है, इससे देशों के बीच तनाव पैदा हो गया है।
- वास्तविक नियंत्रण रेखा (Line of Actual Control- LAC) भारतीय-नियंत्रित क्षेत्र को चीनी-नियंत्रित क्षेत्र से अलग करने वाली सीमा के रूप में कार्य करती है।



और पढ़ें: [चीन के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर पुनर्विचार: रणनीतिक विचार]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-china-border-affairs